# कृषि विज्ञान केन्द्र
(गो0 ब0 पंत कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय)
## धनौरी–हरिद्वार

पत्रांकः केवीके/धनौरी/ दिनांकः 02 सितम्बर, 2025

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द, धनौरी–हरिद्वार के प्रक्षेत्र पर रबी 2024–2025 में उत्पादित काली सरसों मात्रा 29.30 कुंतल को नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना है। नीलामी दिनांकः 15 सितम्बर, 2025 की अपराह्न 2:30 बजे केन्द्र पर की जायेगी। नीलामी के सम्बंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्य दिवस में कर्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 तक प्रभारी अधिकारी, केवीके, धनौरी तथा निदेशक प्रसार, पंतनगर से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलामी की शर्तेः**

1. नीलामी में प्रतिभागी को धरोहर धनराशि के रूप में ₹ 5,000.00 (₹ पांच हजार मात्र) नगद जमा करना होगा। अधिकतम् बोलीदाता को समिति की स्वीकृति के उपरांत कुल मूल्य का 25 प्रतिशत अग्रिम धनराशि के रूप में तुरन्त जमा करना अनिवार्य होगा। सरसों उठान से पूर्व सम्पूर्ण धनराशि जमा करनी होगी। अधिकतम् दो बोलीदाता के अतिरिक्त अन्य बोलीदाताओं द्वारा जमा की गयी ₹ 5,000.00 (₹ पांच हजार मात्र) की धरोहर राशि उसी समय वापस कर दी जाएगी।
2. उचित मूल्य न मिलने की दशा में समिति को नीलामी निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
3. सफल बोलीदाता को किसी भी प्रकार का वारदाना व श्रमिक केन्द्र द्वारा उपलब्ध नहीं करवाये जायेंगे।
4. नीलामी समिति को बिना कारण बताये नीलाम किए जाने वाली सरसों की बिक्री को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. इस विक्रय के संबंध में किसी भी विवाद पर निर्णय के लिए माननीय कुलपति अथवा उनके द्वारा नामित व्यक्ति, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर, सोल आर्विट्रेटर रहेंगे और उनका निर्णय अन्तिम होगा, जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।"
6. इस नीलामी के सम्बंध में किसी भी विवाद की सुनावाई का क्षेत्राधिकारी जिला एवं सत्र न्यायालय ऊधम सिंह नगर होगा।
7. उपरोक्त शर्तों का पालन न करने की दशा में नीलामी रद्द समझी जायेगी।

**प्रभारी अधिकारी**

प्रतिलिपिः–

1. **समस्त निकटवर्ती ग्रामों के ग्रामसभाओं के सूचनापट्ट पर चस्पा हेतु।**
2. **विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर विज्ञापित हेतु।**